# ‘आदर्श प्रश्न पत्र हिन्दी’

कक्षा दशम्

विषय हिन्दी

समय:- तीन घण्टे कुलाँक:- 80.

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

विशेष निर्देश:-- १. अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

२. प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है,उत्तर-पत्रिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है ।

३. उत्तर-पुस्तिका के बीच खाली पन्ना/पन्ने ना छोड़िये।

४. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

५. सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

## भाग:- अ

प्रश्न :- १ . निम्नलिखित बहुवैकल्पिय प्रश्नों के उत्तर दीजिये। 16×1= 16.

(क) निम्नलिखित में से हिन्दी भाषा की लिपि है।

य. भोजपुरी र. गुरूमुखी

ल. देवनागरी व . रोमन

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सा भाषा का उचित भेद है?

य. बोलना र. तोलना

ल. नाचना व. खेलना

(ग) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द,पथ शब्द का सही अर्थ नहीं है?

य. रास्ता र. मार्ग

ल. सूर्य व. सड़क

(घ) पहाड़ शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

य. पर्वत र. भानु

ल. गिरि ल. शिखर

(ड०) निम्नलिखित में से प्रविशेषण है।

य. काला र. नीला

ल. सफेद व. बहुत काला ।

(च) सर्वनाम के भेद हैं।

य. तीन र. छ:

ल. पाँच व. चार

(छ) निम्नलिखित में विशेषण पद है।

य. काला घोड़ा र. घोड़ा

ल. घोड़ी व. हथोड़ा

(ज) हलवाई शब्द में प्रत्यय है।

य. दवाई र. मिठाई

ल. आई व. राई

(झ) नीलकण्ठ सामासिक शब्द का सामासिक नाम है।

य. तत्पुरुष समास र. अव्ययीभाव समास

ल. द्विगु व. बहुव्रीहि समास

(ञ) निम्नलिखित में सही वर्तनी का शब्द है।

य. उज्ज्वल र. उजजवल

ल. उज्जवल व. उजजवल

(ट) जहाँ पहुँचना कठिन हो वाक्याँश के लिए एक शब्द है।

य. सुगम र. दुर्लभ

ल. दुर्गम व. सुलभ

(ठ) विद्यार्थी शब्द का सही सन्धि विच्छेद है।

य. विद्य+ अर्थी र. विद्या + अर्थी

ल. विद्या+ आर्थी व. सभी

(ड) संज्ञा पद का अर्थ है।

य. नाम र. सभी नाम

ल. बेनाम व. इनमें से कोई भी नहीं

(ढ) यशपाल जी ने निम्नलिखित में से कौन- सा व्यंग्यात्मक (कहानी) पाठ लिखा है?

य.साँवले सपनों की याद र. मेरे बचपन के दिन
ल. आश्रम का खर्च व. लखनबी अंदाज

(ण) संगतकार कविता हमें निम्नलिखित में से संदेश देती है।
य. सहायता करने का र. दूसरों की सहायता करने का

ल. परिस्थितियों के अनुसार सभी जरूरतमंदों की सहायता करने का
व. गरीबों और असहायों की सहायता करने का

(त) नेता जी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति किसि धातु से बनी थी ?
1 संगमरमर की
2 सोने की
3 लोहे की
4 चांदी की

भाग:- ब

प्रश्न :- २ . निम्नलिखित पठित गद्यॉंश के आधार पर पूछे गये किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव अपने शब्दों में दीजिये। ( 5×2=10.)

बालगोबिन भगत मँझोले कद के गोरे-चिट्टे आदमी थे। साठ से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे। लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे,किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किया रहता । कपड़े बिलकुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी-मात्र और सिर में कबीर पंथियों की-सी कनपटी टोपी । जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन, जो नाक के एक छोर से ही, औरतों के टीके की तरह, शुरू होता । गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बाँधे रहते ।

ऊपर की तस्वीर से यह नहीं माना जाए कि बाल गोबिन भगत साधु थे । नहीं, बिलकुल गृहस्थ! उनकी गृहिणी की तो मुझे याद नहीं, उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने देखा था। थोड़ी खेतीबारी भी थी, एक अच्छा साफ़-सुथरा मकान भी था।

किंतु, खेतीबारी करते, परिवार रखते भी,बालगोबिन भगत साधु थे-साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे,उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते । कभी झूठ नहीं बोलते, खराब व्यवहार रखते। किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते।

(क) गद्यांश के आधार पर बालगोबिनभगत का एक रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिये।
(ख) क्या कारण हैं कि खेतीबारी से जुड़े बालगोबिनभगत साधु कहलाते थे?
(ग) बालगोबिनभगत कैसे व्यक्ति थे और वह खामखाह क्या मोल नहीं लेते थे?
(घ) बालगोबिनभगत के घर में कौन-कौन रहते थे और बालगोबिनभगत किस तरह का काम करते थे?
(ड०) गद्यांश को पढ़कर बतायें कि बालगोबिनभगत किसको मानते थे और किसके गीतों को गा कर उनके आदेशों पर चलते थे?
(च) बालगोबिनभगत क्या नहीं बोलते थे और दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करते थे?

प्रश्न:- ३ . निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गये किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिये।

( 5×2=10.)

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।

अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।

पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।

ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

प्रीति-नदी मैं पाऊँ न बौरय्यो, दृष्टि न रूप परागी ।

'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी ।।

(क) पद्याँश के आधार पर बतायें कि गोपियाँ बड़भागी किसे और क्यों कह रही हैं?

(ख) पद्याँश के आधार पर निम्नलिखित पंक्तियों का भावार्थ सपष्ट करते हुए यह भी बतायें कि ये पंक्तियाँ कौन किसको बोल रहा है?

अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।

(ग) पद्याँश के आधार पर बतायें कि गोपियों ने किसकी तुलना किस- किस से की है?

(घ) पद्याँश के आधार पर बतायें कि किसने, किसके लिए प्रीति-नदी (सामासिक शब्द) का प्रयोग किया है?

(ड०) सूरदास जी किसको अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पानी कह रहे हैं और क्यों?

(च) पद्याँश के आधार पर बतायें कि गोपियों को भगवान् श्री का संदेश लेकर कौन आया था?

प्रश्न:-४. निम्नलिखित पूछे गये प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिये। ( 3×3=9.)

(क) लेखिका के व्यक्तित्व पर किन- किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?

(ख) लेखक को नबाब साहब के किन हाव- भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?

(ग) संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन - किन क्षेत्रों में देखने को मिलते हैं?

(घ) बच्चे की मुसकान और एक बड़े व्यक्ति की मुसकान में क्या अन्तर रहता है?

प्रश्न :- ५. निम्नलिखित पूछे गये प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिये। ( 4×2=8.)

(क) आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों से मिलकर सिसकना क्यों भूल जाता है ? विस्तार से लिखिये।

(ख) कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराया जाना कसिओर संकेत करता है?

(ग) देश की सीमा पर बैठे फ़ौजी किस तरह की कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके और उनके परिवार के प्रति हमारा क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए?

## खण्ड :- स

प्रश्न :- ६. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने शब्दों में लिखिये । (5.)

वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर मोहन और पंकज दो सहपाठियों के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली के रूप में लिखिये।

अथवा

विद्यालय में मनाये गए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह पर एक प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिये।

अथवा

विद्यालय प्रबंधन समिति की वार्षिक सभा बुलाने हेतु सूचना लिखिये।

प्रश्न :- ७. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लिखिये। ( 2.5+2.5 =5.)

सर्वनाम की उदाहरण सहित परिभाषा देते हुए इसके भेदों के नाम भी लिखिये।

अथवा

व्याकरण किसे कहते हैं तथा इसके कितने भेद हैं?

प्रश्न :- ८ . निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने शब्दों में लिखिये। (1.5+3+1.5=6.)

अपने ग्राम  पंचायत प्रधान को बरसात के कारण जगह -जगह से टूटे हुए अपने गाँव के रास्ते को ठीक करवाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिये।

अथवा

अपने छोटे बहन या भाई को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने की सलाह देते हुए पत्र लिखिये।

प्रश्न :- ९.  निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी एक विषय पर  निर्देशित बिन्दुओं के मध्यनजर अपने शब्दों  में (200-250 शब्दों में)निबन्ध लिखिये।  (2+2+2+2+2= 10.)

हिमाचल प्रदेश :- भूमिका,धार्मिक एवम् पर्यटन स्थल ,वनसम्पदा, शिक्षा व स्वास्थ्य, उपसंहार

दीपावली / ईद / गुरु नानक देव जयंती  :-
भूमिका, मनाने का कारण , मनाने का ढंग, संदेश व सुझाव , उपसंहार

पर्यावरण प्रदूषण :- भूमिका, फैलने के कारण ,हानियाँ , रोकथाम के उपाय, उपसंहार

दहेज प्रथा :- भूमिका, कारण , हानियाँ,  रोकथाम हेतु नौजवान युवक एवम् युवतियों का योगदान, उपसंहार

प्रश्न पत्र के सन्दर्भ में “”’”विस्तृत योजना”’”’”/ रूप-रेखा/ ब्लू प्रिंट:-------

इस प्रश्न पत्र के तीन ( अ, ब, स )भाग रहेंगे।

भाग:- अ

प्रश्न:- १.
यह प्रश्न बहुविकल्पीय रहेगा तथा इस में सोलह प्रश्न पूछे जाएंगे, जो कि सभी एक-एक अंक के रहेंगे।इनमें पहले तेरह प्रश्न व्याकरण आधारित रहेंगे तथा शेष क्षितिज और कृतिका किताब के तीनों (गद्य+ पद्य + कृतिका) भागों से एक-एक अर्थात तीन प्रश्न पूछे जाएंगे। अर्थात ( 13+ 1+1+1 =16.)

भाग:- ब

प्रश्न:-२.
यह प्रश्न कुल दस अंक का रहेगा जिसमें पाँच प्रश्न पूछे जाएंगे और ये सभी दो-दो अंक के रहेंगे । यह प्रश्न क्षितिज किताब के आधार पर किसी भी पाठ का पठित गद्याँश रहेगा। इसी गद्याँश के आधार पर कुल छ: प्रश्न पूछे जाएंगे जिनमें से कोई पाँच प्रश्न छात्रों को करने होंगे। ( 5×2=10.)

प्रश्न:-३.
यह प्रश्न भी कुल दस अंकों का रहेगा। इसमें भी पूछे गये छ: प्रश्नों में से कोई पाँच प्रश्न करने होंगे। यह प्रश्न क्षितिज किताब के पद्य भाग में से किसी भी कविता का पठित काव्याँश होगा और यह सभी पाँच प्रश्न दो- दो अंकों के ही रहेंगे।(5×2=10.)

प्रश्न:- ४.(3×3=9.)
यह प्रश्न क्षितिज किताब से रहेगा। इसमें क्षितिज के गद्य और पद्य दोनों भाग ही रहेंगे तथा पूछे गये चार प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न तीन- तीन अंकों का रहेगा।

प्रश्न:-५. ( 4×4=8.)
यह प्रश्न कृतिका किताब में से रहेगा और पूछे गये तीन प्रश्नों में से कोई दो प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न चार-चार अंकों का रहेगा।

भाग:- स

## भाग :- स

प्रश्न :- ६. (5.)

यह प्रश्न संवाद, प्रतिवेदन और सूचना शैली/ विधा पर आधारित रहेगा। इन तीनों में से कोई एक करना होगा तथा यह पाँच अंकों का रहेगा।

प्रश्न:- ७. (2.5+2.5= 5.)
यह प्रश्न व्याकरण पर आधारित किसी विषय-वस्तु की परिभाषा आदि देने पर आधारित रहेगा। इसमें दोनों में से किसी एक की परिभाषा उदाहरण एवम् भेदों सहित देनी होगी। ये पाँच अंकों का प्रश्न रहेगा।

प्रश्न:- ८. ( 2+ 3+2 =7.)

यह प्रश्न पत्र एवम् प्रार्थना-पत्र शैली (विधा) पर आधारित रहेगा। इसमें प्रार्थना-पत्र तथा पत्र दोनों में से किसी एक पर लिखना होगा। यह सात अंकों का रहेगा।

प्रश्न :- ९. (2+2+2+2+2=10.)

यह प्रश्न निबन्धात्मक होगा तथा पूछे गये विषय- वस्तु में से किसी एक पर चिह्नित बिन्दुओं के आधार पर लिखना होगा। प्रत्येक बिन्दु के दो- दो अंक निश्चित हैं। कुल दस अंकों का प्रश्न रहेगा।